# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **02.08.2026** प्रसारण समय : **19:20** बज

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का किया शुभारंभ : कहा– युवाओं का शारिरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ होना जरुरी।
2. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र कल से होगा शुरू : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सर्वदलीय बैठक में विपक्ष से की जनहित के मुद्दे सदन में रखने की अपील।
3. भारत की अध्यक्षता में कल से लखनऊ में शुरू होगी ब्रिक्स देशों के एनएसओ की दो दिवसीय बैठक : सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने समेत कई विषयों पर होगी चर्चा।

और

4. कल सावन के पहले सोमवार पर प्रदेश भर में सुरक्षा और सुविधा को लेकर व्यापक इंतजाम : कांवड़ यात्रा मार्गों पर लागू किया गया डायवर्जन।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'विकसित भारत' के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना ज़रूरी है। श्री मोदी ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत लोगों को लक्ष्य से भटकाती है और इससे देश की ताकत भी कमजोर होती है।

*नशा केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता, नशा एक माँ की मुस्कान छीन लेता है और जब परिवार में समाज में ऐसा होता है राष्ट्र की शक्ति भी कमज़ोर पड़ जाती है और इसलिए दुश्मन देश भी षडयंत्र करके हमारे देश के युवाओं को इस नशे की लत में खींचने के लिए कोई कोशिश बाकी नहीं रखते और इसलिए हमें हर एक युवा को नशे के चुंगल में फंसने से बचाना है।*

प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि सामाजिक बदनामी के डर से मादक पदार्थों के सेवन के मामले छिपाएं नहीं।

*हमें हमेशा इस बात का ध्यान रखना है, घर का कोई बच्चा अगर नशे का शिकार बन गया है, तो इसे सामाजिक प्रतिष्ठा की आड़ में छिपाएं नहीं। जो एक्सपर्ट हैं, उनका सहयोग लें।*

इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय से वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बन सकता है

और जन–जागरूकता के माध्यम से नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन–आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है।

राजधानी लखनऊ के गुलज़ार उपवन में राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाग लिया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है।

*सरकार कानून बना सकती, संसाधन उपलब्ध करा सकती, लेकिन चरित्र निर्माण केवल कानून से नहीं होता। संस्कारों से होता है। और जब संस्कारों की बात आती है तो ब्रह्म कुमारी जी का योगदान संस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ब्रह्म कुमारी ने दशकों से बिना किसी भेदभाव के समाज में शांति, आत्म जागृति, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिक चेतना का दीप जलाया है।*

देश भर के लगभग 10 हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें माय भारत स्वयंसेवक, एनएसएस के वालेंटियर्स, युवा क्लब, शिक्षण संस्थाएं, गैर–सरकारी संगठन और 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठन शामिल हुए।

—————————

राज्य विधानमण्डल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान मंगलवार को प्रदेश सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को अध्यक्षता में आज विधानभवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से जनहित से जुड़े

हर मुद्दे को सदन में रखने, स्वस्थ चर्चा कर विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करने की अपील की। विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार सबके सहयोग से सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*हम तो सभी लोगों से हमने सहयोग मांगा है, जो बिजनेस होता है जिस हिसाब से उसी हिसाब से सत्र आहूत किया जाता है। बिजनेस फला बिजनेस है, चार दिन का सत्र है। कल विधानसभा में तो निधन का निर्देश होगा और उसके बाद तीन दिन पूरी तरीके से जो परंपरागत तरीके से कार्रवाई है वो संपन्न होगी।*

बैठक में निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, कांग्रेस, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी अपना दल–एस, राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने भाग लिया।

——————————

ब्रिक्स देशों के एनएसओ प्रमुखों की बठक कल और चार अगस्त को लखनऊ मं आयोजित हागी। इसमें ब्राजील, रूस, चीन, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात सहित 11 ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। एक रिपोर्ट...

*ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों–एनएसओ के प्रमुखों की बैठक कल और 4 अगस्त को भारत की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित होगी। इस बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का विषय  का विषय 'सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण है। वहीं सांख्यिकी ट्रैक का विषय 'परिवर्तन के प्रेरक के रूप में*

*गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी' रखा गया है। इसका उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता वाले आंकड़ों, नवाचार, प्रभावी डेटा प्रसार और जन–केंद्रित सांख्यिकीय व्यवस्था को बढ़ावा देना है, ताकि साक्ष्य आधारित, समावेशी और टिकाऊ विकास को मजबूती मिल सके। बैठक में सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार, डेटा की पहुंच बढ़ाने और आर्थिक व क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 3 अगस्त को 'प्रशासनिक डेटा की क्षमता' और 4 अगस्त को 'विकसित होते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में एआई की तैयारी' विषय पर दो विशेष सह–कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सुशील तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज लखनऊ के 1090 चौराहे से 'द राइडिंग चैप्टर्स, विजिट माय स्टेट' के पहले संस्करण का शुभारंभ कर 65 बाइक राइडर्स के दल को बांदा जिले के कालिंजर किले के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ–साथ प्रदेश के कम चर्चित विरासत, प्राकृतिक स्थलों और धरोहरों को नए**

पर्यटन अनुभव के रूप में देश–दुनिया के पर्यटकों के सामने पेश करना है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन नए आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से बाइक राइडर्स के दल को रोमांचक यात्रा के लिए रवाना किया गया है।

——————————

कल सावन का पहला सोमवार है। कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रदेश भर में सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए गए है। काशी विश्वनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए है, उससे जुड़े मार्गों पर 289 सीसीटीवी कैमरों के साथ 44 अतिरिक्त कैमरे लगाए गए हैं। वहीं हापुड़, अमरोहा, बिजनौर और सहारनपुर में भी कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। हापुड़ से हमारे पतिनिधि की एक रिपोर्ट....

*सावन के पहले सोमवार को हापुड़ जनपद के सहित सभी मंदिरों में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना ओर जलाभिषेक होगा। मंदिरो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले ही प्लॉन तैयार कर कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर हापुड में सीसीटीवी केमरे लगाये गए हैं इसके अलावा मंदिरों में प्रबंध समिति द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए स्वयं सेवक भी तैनात रहेंगे। वही कावड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जनपद में कांवड़ मार्ग निर्धारित कर रूट डायवर्ट कर दिया गया हैं जो 31 अगस्त तक लागू रहेगा। रवीन्द्र त्यागी आकाशवाणी समाचार हापुड़।*

——————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–2026 के लिये ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है। यह परीक्षा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में समूह–'ग' के पदों पर भर्ती के लिए अनिवार्य पात्रता परीक्षा है। आयोग के अनुसार, अभ्यर्थी एक सितंबर 2026 तक आवेदन पत्र भरकर शुल्क जमा कर सकेंगे। शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 8 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन से पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

——————————

ग्लासगो–2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 5 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने इससे पहले 10 हजार मीटर में रजत पदक हासिल किया था। दोनों दूरी की दौड़ों में पदक जीतने वाले वे पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। गुलवीर सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के अतरौली के रहने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस उपलब्धि पर धावक, गुलवोर सिंह को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति ने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्रमंडल खेल की इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक है और उनकी पिछली सफलता के बाद उनके सफर में यह एक और गर्व का अध्याय जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुलवीर सिंह को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

——————————